—1/v—

चर्चा

चर्चा के दौरान आयुक्त महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि कनलोग में cremation shed की capacity बढ़ाई गई। चार अतिरिक्त प्लेट फॉर्म बनाए गए है जिसका कार्य मा० उप-महापौर द्वारा करवाया गया। राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (State Disaster Management Authority) की तरफ से 50 लाख रू० की अनुदान राशि भी मिली है। करोना कर्फ्यू के दौरान सफाई का कार्य अच्छी तरह से करवाया गया और सैनेटाईज के लिए टीम बनाई गई। Public Transport बन्द होने के कारण सफाई कर्मचारियों के लिए नगर निगम की गाड़ियां लगाई गई। इस दौरान सैहब के एक 32 वर्षिय सफाई कर्मचारी की मृत्यु भी हुई उसके परिवार को एक लाख का अनुदान दिया गया इसके अतिरिक्त पार्षदों व सभी के सहयोग से 70 हजार की राशि भी दी गई। निकट भविष्य में मृत्क की पत्नी को सैहब सोसायटी में जॉब दी जाएगी। सफाई कर्मचारियों की vaccination की गई। सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कोई भी निर्माण कार्य बन्द नहीं हुए और माननीय शहरी विकास मन्त्री द्वारा इन कार्यो की Review meeting भी की गई। सन्जौली क्षेत्र में 24×7 पानी उपलब्ध करवाने व अन्य विकास कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। अम्रुत फण्ड से पानी व सीवरेज के कार्य करवाए जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा टायरिंग के कार्य लगातार चलाए जा रहे हैं। सभी मा० पार्षदों ने मास्क, किटों को बान्टने, सैनाटाईज करवाने व अन्य कार्यो में अपना-अपना पूर्ण सहयोग दिया है। आयुक्त महोदय ने कहा कि मैं माननीय शहरी विकास मन्त्री द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए उनका धन्यवाद करता हूं।

श्री विवेक शर्मा, मा० पार्षद ने कहा कि मेरा इस माह का मानदेय मुख्य मन्त्री राहत कोष के लिए दिया जाए।

मा० महापौर सभापति ने कहा कि मैं परम आदरणीय शहरी विकास मन्त्री जी का धन्यवाद करती हूं जिन्हों ने कनलोग में 8 cremation शैड़ बनाने की मंजूरी दिलवाई यह शैड़ मा० उप-महापौर द्वारा स्वयूम खड़े हो कर बनवाए और प्रशासन ने भी पूर्ण सहयोग दिया। सैहब कर्मचारियों व सफाई कर्मचारियों को दो-दो हजार रू० तीन महीने के लिए सरकार की ओर से प्रोत्साहन के रूप में दिलवाए गए। दाह संस्कार के लिए वन विभाग से निःशुल्क लकड़ी उपलब्ध करवाई गई। मा० महापौर सभापति ने कहा कि मैं सभी मा० पार्षदों का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं। मा० पार्षद अपने-अपने वार्डो में अच्छा कार्य कर रहे हैं जिसके वार्ड में भी कोई Positive मामला आता है वहां पर पार्षद द्वारा स्वयूम खड़े हो कर सैनाटाईजेशन (Sanitization) करवाया जाता हैं उनको दवाईयां घर में पहुंचाई जाती है। नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी भी अच्छा कार्य कर रहे हैं। जल प्रबन्धन निगम लि० द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। मा० महापौर सभापति ने कहा कि जब किसी व्यक्ति की शिमला में घर पर मृत्यू होती है और उनका दाहसंस्कार गांव में होता है तो इस स्थिति में नगर निगम द्वारा उनका मृत्यू प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा सकता है और गांव में प्रधान व पंचायत सचिव मृत्यू प्रमाण पत्र देने के लिए मना करते हैं। इस लिए मैं मा० शहरी विकास मन्त्री जी से आग्रह करती हूं कि इस सम्बन्ध में सरकार की ओर से पंचायत प्रधानों व पंचायत सचिवों को दिशा निर्देश जारी करने की कृपा करें।

श्री सुरेश भारद्वाज, मा० शहरी विकास मन्त्री (सह सदस्य) ने कहा कि मा० महापौर, मा० उप-महापौर, सभी पार्षद, आयुक्त नगर निगम शिमला इनके सभी अधिकारीगण इस करोना काल में स्वस्थ हैं और मेरी कामना है कि आगे भी स्वस्थ रहें। IGMC बहुत बडा हस्पताल है जहां पर पूरे हिमाचल से लोग इलाज करवाने आते हैं जहां पर कुछ लोगों की मृत्यु भी हो रही है परन्तु अधिकांश लोग स्वस्थ हो रहे हैं। शिमला शहर में लोगों की मृत्यु दर बहुत कम है यहां पर समझदार लोग हैं जो अपनी प्रेरणा से बाहर नहीं निकल रहे है। लोग यहां पर कानून का पालन कर रहे हैं। सभी पार्षद अपने-अपने स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों की मदद कर रहे हैं और

— 111 —

अच्छा कार्य कर रहे हैं मैं इन्हें बधाई देता हूं। इस महामारी में मनुष्य का जीवन बचाना पहला कार्य है। सफाई कर्मचारी चाहे वह सैहब के हों या नगर निगम के, इस संकट की घड़ी में सभी अच्छी तरह से कार्य कर रहे हैं। शिमला में अधिक मात्रा में केस नहीं आए है जबकि गांव में अधिक मामले आ रहे हैं व असावधानियों के कारण मृत्यु हो रही है। IGMC में बैड़ों की संख्या बढा दी गई है अन्य राज्यों की तरह यहां नहीं हुआ है सभी को स्वास्थ्य सुविधा दी गई है। नीजि हस्पतालों में भी सुविधाऐं उपलब्ध करवाई जा रही है Military Hospital में भी 70 बैड़ों की सुविधा है जिसका आवश्यकता पड़ने पर इस्तेमाल किया जा सकता है। ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है दो प्लांट मंजूर हुए हैं यह प्लांट IGMC व KNH में लगाए जाऐगे। श्री शैलेन्द्र चौहान, मा0 उप-महापौर द्वारा स्वंयूम खड़े हो कर कनलोग में अतिरिक्त cremation शैड बनवाऐं हैं उसके लिए मा0 शहरी विकास मन्त्री ने उनके इस प्रयास को सराहा। मा0 शहरी विकास मन्त्री ने कहा कि cremation के लिए लकड़ी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। कोरोना काल के दौरान जो शुल्क माफ किए जाने है उसका estimate बनाकर मामला सरकार को भेजा जाए। प्राथमिकता के आधार पर नगर निगम शिमला के कार्य किए जाएंगे।

बैठक के अन्त में मा0 महापौर सभापति द्वारा श्री सुरेश भारद्वाज, मा0 शहरी विकास मन्त्री का धन्यवाद किया गया।

आयुक्त,
नगर निगम शिमला।

S. Kanwal

Confirmed vide resolution No. ...1......of Ordinary Meeting No. 3rd......... held on...28/6/2021

Chairman